ssnewsmp | SSNewsmp | ssnewsmp | Telegram - ssnewsmp | Android App - SSNews India | website;www.ssnewsmp.com

उज्जैन ,इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

# शब्द सरोवर

जहाँ खबर,वहाँ नजर

सांध्य दैनिक

वर्ष 31 अंक-324 उज्जैन,बुधवार 03 अप्रैल 2024 पृष्ठ 8, मूल्य 1 रुपए

## आज रिहा होंगे संजय सिंह, जमा करना होगा पासपोर्ट, चुनाव प्रचार पर रोक नहीं



नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति कांड में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। इस तरह करीब 6 माह बाद संजय सिंह के तिहाड़ जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में यह राहत दी थी और आज उनकी रिहाई संभव है।संजय सिंह की पत्नी अनीता ने बताया कि आप नेता अभी अस्पताल में भर्ती हैं। डिस्चार्ज होने के बाद तिहाड़ जेल जाएंगे।इस बीच, उनके वकील राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए, जहां जमानत की शर्तें तय की गई। संजय सिंह को 2 लाख रुपए के मुचलके पर रिहा किया गया है।पासपोर्ट जमा करना होगा। राजनीतिक कार्यक्रमों पर रोक नहीं।यह ऑर्डर शाम तक तिहाड़ जेल पहुंचेगा, जहां से संजय सिंह को रिहा किया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अहम सुनवाई शुरू

नई दिल्ली। शराब नीति कांड में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन 4.5 किलो घट गया है। इसके साथ ही तिहाड़ जेल में उनकी सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस बीच, केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई शुरू हो चुकी है।

केजरीवाल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी कोर्ट में पेश हुए हैं। याचिका में ईडी की कार्रवाई को गैरकानूनी बताया गया है।पिछली सुनवाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप संयोजक द्वारा संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में



उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका का विरोध किया था।इससे पहले मंगलवार को हुई सुनवाई में ईडी ने दिल्ली हाई कोर्ट में जवाब दाखिल किया। ईडी ने कहा कि केजरीवाल ने जानबूझकर समन की अवज्ञा करने का फैसला किया और एक कमजोर आधार पर जांच में शामिल नहीं हुए।ईडी ने याचिका का विरोध किया और कहा कि उन्हें जांच में सहयोग करने के लिए कई अवसर दिए गए थे। मौजूदा मामले में उन्हें नौ समन जारी किए गए थे।ईडी ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है। अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये गोवा विधानसभा चुनाव 2022 में आप के चुनाव अभियान में उपयोग किया गया है। आप ने अरविंद केजरीवाल के माध्यम से मनी लांड्रिंग का अपराध किया है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उज्जैन पहुंचे, सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ किए महाकाल के दर्शन



उज्जैन। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को इंदौर-उज्जैन प्रवास पर हैं। दोपहर करीब 11 बजे इंदौर पहुंचकर जेपी नड्डा उज्जैन के सर्किट हाउस पर पहुंचे। वे यहां यहां से भगवान महाकालेश्वर के दर्शन करने मंदिर पहुंचे।नड्डा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ भगवान महाकाल के दर्शन और पूजा की। इस दौरान उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद था। वे करीब 30 मिनट तक महाकाल मंदिर में रहे।नड्डा दोपहर करीब दो बजे फिर इंदौर पहुंच जाएंगे। इसके पहले वे राजस्थान के झालावाड़ में आमसभा को संबोधित करेंगे।

## दतिया टोल प्लाजा पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, भगदड़ में दो लोगों की मौत

दतिया। दतिया टोल प्लाजा पर बेखौफ बदमाशों ने कहर बरपाते हुए 15 मिनट तक दनादन फायरिंग कर डाली। फायरिंग की घटना से टोल प्लाजा के कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। इस भगदड़ से कुएं में गिरने से दो कर्मचारियों की मौके पर मौत हो गई।घटना चिरुला थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर हुई। इसे कुछ बदमाशों ने अंजाम दिया। फायरिंग के कारण हुई भगदड़ में हरियाणा निवासी श्रीनिवास परिहार और शिवाजी कांडेले की कुएं में गिरने से मौत हो गई।घटना मंगलवार देर रात की बताई जाती है। चिरुला पुलिस बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा रही है। फायरिंग की घटना के बाद अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए।जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा पर गोलीबारी की वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान में जुटी है।

## इंदौर के ट्रांसपोर्ट नगर में टायर की दुकान में भीषण आग, इलाके में धुएं का गुबार



इंदौर। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में टायर की दुकान में भीषण आग लग गई। आग के बाद इलाके में धुएं का गुबार नजर आ रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग की लपटें काफी दूर से नजर आ रही थीं।आग लगते ही इलाके में अफरातफरी का वातावरण पैदा हो गया था। टायर की दुकान में आग किस कारण लगी अभी यह पता नहीं चल पाया है। आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## इंदौर में बेकरी व्यवसायी की गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मारी, पत्नी और बेटी की मौत

इंदौर। शहर के बायपास पर बुधवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। ट्रक ने बेकरी व्यवसायी की पत्नी और बेटी की जान ले ली। वह बाइक से ओंकारेश्वर जा रहे थे। हादसे में व्यवसायी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनका उपचार चल रहा है।घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी के समीप का है। बेकरी व्यवसायी बाइक से पत्नी छाया और बेटी दिव्यांशी को लेकर ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए थे। तेज रफ्तार से आए ट्रक ने करणसिंह की बाइक को टक्कर मारी। ट्रक चालक ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि करण बाइक सहित दूर जाकर गिरे। छाया और दिव्यांशी भी दूर गिरी।





मां-बेटी की मौत मौके पर ही हो गई।राहगिरों की मदद से दोनों के शवों को एमवाय अस्पताल भिजवाया गया। उनके शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया है। करणसिंह करणी सेना के पदाधिकारी जितेंद्रसिंह चौहान के रिश्तेदार है। सूचना मिलते ही करणी सेना और राजपूत समाज के कई लोग अस्पताल पहुंचे। जितेंद्र के मुताबिक, करणसिंह नावदापंथ से ओंकारेश्वर जा रहे थे। वह राऊ गोल चौराहा से तेजाजीनगर होकर खंडवा रोड़ जा रहे थे।

## माँ –बाबा की स्मृति में भजन संध्या कल इंदौर में

### 4 अप्रैल को सायं 7 बजे से 10 बजे तक ओल्ड पलासिया में होगा कार्यक्रम



मां स्व. श्रीमती पार्वती देवी पटेल

**इंदौर/ ममतामयी मां स्व. श्रीमती पार्वती देवी पटेल एवं कर्मयोगी एवं सिद्धांतप्रिय स्व. श्री जयराम दास पटेल की पावन स्मृति में बुधवार 4 अप्रैल को सायं7 से 10बजे तक सी 4 / 2 पी डब्ल्यू डी बंगला, रविन्द्र नगर, ओल्ड पलासिया, इंदौर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित के लिए सौ. राधिका किशन टेकचदानी ,सौ. माया ईश्वर पटेल, सौ. रुचिका घनश्याम पटेल, सौ .नीरजा अशोक पटेल ,सौ. उर्मिला लक्ष्मण पटेल, सौ .रिचा पंचम पटेल, सौ .अनुश्री सोहिल पटेल, सौ .रोशनी सुखवंत (जानू )पटेल सहित जहान ,परी, युवान ,वरा ,आरल एवं समस्त पटेल परिवार ने आग्रह किया है।**



बाबा स्व.श्री जयराम दास पटेल

## इंदौर में 150 से ज्यादा चौपाल लगाकर युवाओं तक पहुंचाएंगे पार्टी की विचारधारा

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी युवाओं तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने और उन्हें पार्टी से जोड़ने के लिए शहरभर में युवा चौपाल लगाएगी। इनके माध्यमों से पार्टी न सिर्फ युवाओं तक अपनी विचारधारा पहुंचाएगी, बल्कि उनसे फीडबैक भी लेगी, ताकि भविष्य में युवाओं के हितार्थ योजनाएं तैयार करने में इन सुझावों की मदद ली जा सके। चौपाल आयोजित करने की जिम्मेदारी भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) को सौंपी गई है।मोर्चा चार, पांच और छह यानी तीन दिन में शहरभर में 150 से ज्यादा युवा चौपाल आयोजित करेगा। प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो युवा चौपाल आयोजित की जाएगी। युवा चौपाल के माध्यम से युवा मोर्चा कार्यकर्ता भाजपा सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ-साथ आगामी योजनाओं की जानकारी भी देंगे।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा आज इंदौर में, पांच लोकसभा क्षेत्रों से बने क्लस्टर के नेताओं की लेंगे बैठक

इंदौर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को इंदौर-उज्जैन प्रवास पर रहेंगे। इंदौर में वे इंदौर, धार, खंडवा, खरगोन और रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। करीब एक घंटे चलने वाली इस बैठक में इस बात पर चर्चा होगी कि पांचों लोकसभा सीटों को इस बार पिछली बार से ज्यादा मतों से कैसे जीता जाए। नड्डा इस संबंध में केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देशों को जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद इंदौर में किसी केंद्रीय नेता का यह पहला दौरा होगा।नड्डा मप्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को वे जबलपुर में थे। बुधवार सुबह 10 बजे वे जबलपुर से इंदौर एयरपोर्ट



पहुंचेंगे। यहां से सुबह 10.05 बजे वे उज्जैन के लिए रवाना होंगे। महाकाल दर्शन के बाद सुबह 11.40 बजे नड्डा झालावाड़ (राजस्थान) रवाना होंगे और वहां सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.40 बजे नड्डा दोबारा इंदौर पहुंचेंगे। दोपहर तीन से चार बजे तक वे यहां ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर स्थित नक्षत्र गार्डन में भाजपा क्लस्टर के जनप्रतिनिधियों, नेताओं और विशिष्ट कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। शाम 4 से 4.30 बजे का समय भोजन के लिए आरक्षित रहेगा। इसके बाद वे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने बताया कि भाजपा क्लस्टर की बैठक में करीब 150 लोग शामिल होंगे। इनमें इंदौर, धार, खंडवा, खरगोन और रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक, जनप्रतिनिधि, विधानसभा चुनाव में हारे पार्टी के प्रत्याशी, नगर अध्यक्ष और कुछ विशिष्ट कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के लिए कोई एजेंडा तय नहीं किया गया है, लेकिन संभावना है कि पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा पांचों लोकसभा क्षेत्रों में पिछली बार के मुकाबले अधिक मत प्राप्त करने की रणनीति पर भी चर्चा होगी।रणदिवे ने बताया कि भाजपा ने कुछ लोकसभा क्षेत्रों को बनाकर एक क्लस्टर बनाया है। अलग-अलग क्लस्टर की जिम्मेदारी अलग-अलग केंद्रीय नेताओं को सौंपी गई है। कुछ क्लस्टर के प्रभारी गृहमंत्री अमित शाह हैं तो कुछ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा। इंदौर क्लस्टर में इंदौर के अलावा धार, खंडवा, खरगोन और रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा इंदौर क्लस्टर के प्रभारी हैं। यही वजह है कि वे यहां के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों की बैठक ले रहे हैं।

# कार्रवाई करने मालवा मिल पहुंची निगम की रिमूवल टीम पर पथराव

## आठ के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर। मालवा मिल क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम की टीम को जनता का जबरदस्त विरोध झेलना पड़ा। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने टीम पर पथराव भी कर दिया। करीब एक घंटे चले हंगामे के बाद नगर निगम की टीम लौट गई। इस दौरान टीम ने आठ हाथ ठेले और दो काउंटर जब्त किए।



हंगामे की सूचना पर तुकोगंज पुलिस थाने का बल भी मौके पर पहुंचा। निगम की शिकायत पर पुलिस ने पत्थरबाजी करने वालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।लंबे समय से मालवा मिल क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि शाम होते ही सड़क पर ठेले उतर जाते हैं। इस वजह से पूरे क्षेत्र में यातायात बदतर हो जाता है। रहवासियों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर निगम के सहायक रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे ने बताया कि शनिवार शाम रिमूवल टीम के साथ अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे।निगम के अमले को देख वहां मौजूद ठेले वालों ने टीम के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। वे देख लेने की धमकी देने लगे। इसके बावजूद कार्रवाई जारी रही। महिलाएं और बच्चे भी विरोध में उतर आए। इस बीच कुछ लोगों ने टीम पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने आठ ठेले और दो काउंटर जब्त किए हैं। मौजूद लोगों ने शासकीय कार्य में बाधा डाली है। इस पर निगम की टीम तुकोगंज थाने पहुंची और एफआइआर दर्ज करवाई। पुलिस मामले में वीडियो फुटेज की पड़ताल कर रही है।थाने पर शिकायत के बाद नगर निगम की टीम दोबारा मालवा मिल क्षेत्र पहुंची। इस बार टीम ने सख्ती के साथ अस्थायी कब्जे हटाए। नगर निगम की टीम के साथ तुकोगंज पुलिस थाने का बल भारी संख्या में मौजूद था। निगम अधिकारियों के मुताबिक, टीम तत्कालीन विवाद को बढ़ाने के बजाय मौके से लौट गई थी, लेकिन शिकायत के बाद टीम दोबारा अतिक्रमण हटाने पहुंच गई।तुकोगंज थाना पुलिस ने प्रभारी सहायक रिमूवल अधिकारी अश्विन कल्याणी की शिकायत पर आरोपित दिलीप अग्रवाल, रेखा वर्मा, ऋतिक वर्मा, गीता, रूकमा, सुमन, विनीता और योगेश सेन के खिलाफ धारा 147, 149, 294, 186, 336, 353 और 332 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# 450 करोड़ रुपये कीमती सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने 25 जर्जर कमरों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



इंदौर। सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किए गए निर्माण पर मंगलवार को इंदौर जिला प्रशासन ने कार्रवाई की। अन्नपूर्णा मंदिर के पास 4.967 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर किया गया अतिक्रमण हटाया गया। इस जमीन की गाइडलाइन वैल्यू 118.21 करोड़ और बाजार मूल्य 400 से 450 करोड़ रुपये अनुमानित है।अपर कलेक्टर सपना लोवंशी ने बताया कि तहसील राऊ के ग्राम तेजपुर गड़बड़ी स्थित भूमि सर्वे नंबर 56, 57, 58, 59, 99/1 के कुल रकबा 4.967 हेक्टेयर, जिसका लैंडयूज रहवासी, सार्वजनिक व अर्द्धसार्वजनिक है। भूमाफिया द्वारा वर्ष 2000 से शासन द्वारा जारी परिपत्रों का दुरुपयोग करते हुए इस भूमि पर लगभग 25 छोटे-छोटे जर्जर कमरे बना रखे थे। इनमें बिजली, पानी, सीवरेज लाइन, सड़क आदि की व्यवस्था भी नहीं थी। अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अवैध कालोनी दिखाकर व्यवस्थापन का लाभ लेने के उद्देश्य से भूमि हड़पने का षड्यंत्र कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था।मंगलवार सुबह 10 बजे प्रशासन की टीम पहुंची। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राऊ विनोद राठौर, तहसीलदार राऊ नारायण नांदेड़ा, अतिरिक्त तहसीलदार धीरेश सोनी, राजस्व निरीक्षक मनीष भार्गव, हल्का पटवारी अमन शुक्ला कार्रवाई के लिए पहुंचे। मौके पर नगर निगम के जोनल अधिकारी नागेन्द्र भदौरिया एवं भवन अधिकारी बबलू कल्याणे सहित निगम का रिमूलव दस्ता पहुंचा और सरकारी जमीन पर बने 25 जर्जर अवैध निर्माण को हटा दिया।

## सीनियर सिटीजन सेंटर में महिला शाखा आनन्दिनी का शुभारंभ



इंदौर। शहर की जानी-मानी संस्था, आनंदम सीनियर सिटीजन सेंटर ने अपनी उपलब्धियों में एक और क्रम जोड़ते हुए महिला शाखा, आनन्दिनी-नारी शक्ति को समर्पित की शुरुआत की है। आनंदम से जुड़ीं समस्त महिला सदस्या आनंदिनी कहलाएँगी।आनंदम के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह और सचिव एसबी खंडेलवाल ने अपने सम्बोधन के माध्यम से महिलाओं को समर्पित- आनंदिनी का शुभारंभ करने के उद्देश्य के बारे में बताया। इस शाखा में तमाम गतिविधियाँ महिलाओं के अनुरूप होंगी। ऐसे में, आनंदिनी के मंच के माध्यम से आनंदम का हृदय यानि महिला सदस्यों को अपनी प्रतिभा का बेहतर तरीके से उपयोग करने का अवसर मिलेगा।माता रामकौर मेमोरियल जन कल्याण ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती गुरवीन कौर, आनंदिनी में भी अध्यक्षता की कमान संभालेंगी। इसके बारे में विस्तार से बताते हुए, उन्होंने बताया, आनन्दिनी पूरी तरह से महिला सदस्यों को समर्पित है, जिसमें मुख्य रूप से महिला केंद्रित गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सबसे विशेष बात यह है कि इसके तहत समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएँगे, जो पूरी तरह समाज की जरूरतमंद महिलाओं की भलाई पर आधारित होंगे।नई शाखा को लॉन्च करने के साथ ही आनंदम में होली मिलन समारोह और मार्च महीने में जन्मे सदस्यों के जन्मदिन का कार्यक्रम का संयुक्त रूप से मनाया।

# आस्ट्रेलियाई नागरिक की इंदौर के होटल में मौत

इंदौर। आस्ट्रेलियाई नागरिक गेविन एंड्रयू बैली की इंदौर के होटल में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वे करीब डेढ़ महीने से होटल में रुके थे और मंगलवार को वियतनाम जाने वाले थे। 53 वर्षीय गेविन का शव नग्न अवस्था में मिला है। फोन भी पैरों के पास पड़ा था। आशंका है कि बात करने के दौरान दिल का दौरा पड़ा है।विजय नगर एसीपी कृष्ण लालचंदानी के मुताबिक, गेविन बैली मूलतः जापान के हैं। उनकी पत्नी और बच्चे जापान में ही रहते हैं। सोलर प्लांट कंपनी (तोशीबा) में सब ग्रुप मैनेजर बनने के बाद गेविन ने आस्ट्रेलिया की नागरिकता ले ली। कंपनी के उज्जैन में प्रोजेक्ट चल रहे हैं। गेविन इसी सिलसिले में आए थे। 15 फरवरी से स्कीम 78 स्थित ग्रैंड सूर्या होटल में रुके थे।



मंगलवार को उनकी वियतनाम की फ्लाइट थी। सुबह करीब 11 बजे तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर होटलकर्मियों ने ही पुलिस को बुलाया। मास्टर चाबी से दरवाजा खोला तो गेविन पलंग पर मृत अवस्था में मिले।एसीपी के मुताबिक, होटलकर्मियों ने बताया कि गेविन प्रतिदिन सुबह नाश्ता मंगवाते थे। मंगलवार को उन्होंने आर्डर नहीं दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने बेल बजाई, लेकिन गेविन की तरफ से कोई उत्तर नहीं मिला। एसीपी के मुताबिक होटलकर्मियों की लापरवाही है। विदेशी नागरिक के रुकने की जानकारी नहीं दी थी। डेढ़ महीने से रुके विदेशी का एक फार्म भरकर थाने में देना था। पुलिस होटल मैनेजर व संचालक पर कार्रवाई करेगी। डाक्टर ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने फोन जब्त कर लिया है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि गेविन की आखिरी बार किससे बात हुई थी। फोन पिन लाक किया गया है।

# आरक्षण के बावजूद आरामदायक यात्रा नहीं, तो 256 यात्रियों को पांच-पांच हजार देगा रेलवे

इंदौर। यात्रियों की सुरक्षा में चूक रेलवे को भारी पड़ी। रेलवे की लापरवाही के चलते इंदौर से शिखरजी की यात्रा पर निकले 256 यात्री शिप्रा एक्सप्रेस में आरक्षण के बावजूद आरामदायक यात्रा नहीं कर सके। जिला उपभोक्ता आयोग ने रेलवे को आदेश दिया कि वह प्रत्येक यात्री को पांच-पांच हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में अदा करे। इसके अलावा रेलवे को 10 हजार रुपये परिवाद व्यय के रूप में भी देना होंगे।मामला वर्ष 2019 का है। दिगंबर जैन समाज के 256 सदस्यों ने शिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन में इंदौर से धनबाद तक के लिए आरक्षण करवाया था। इनको 22 जनवरी 2019 को रात करीब 11.30 बजे इंदौर स्टेशन से बैठना था। सभी यात्री तय समय पर इंदौर स्टेशन पहुंचे और आरक्षित सीटों पर बैठे।यात्रा संयोजक राहुल सेठी के मुताबिक सभी यात्री अपनी-अपनी सीटों पर बैठे थे कि अचानक उत्तर प्रदेश-बिहार के युवाओं की भीड़ स्टेशन पहुंची। वे जबरन आरक्षित डिब्बों में घुसे और उन्होंने सीटों पर बैठे दिगंबर समाज के सदस्यों को बलपूर्वक सीट से उठा दिया। यात्रियों ने उन्हें समझाया कि ये आरक्षित सीटें हैं तो युवाओं ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।सेठी ने बताया कि हमने इसकी शिकायत रेलवे के अधिकारियों से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर हमने जिला उपभोक्ता आयोग में रेलवे के खिलाफ परिवाद दायर किया। हमने आयोग को बताया कि रेलवे की लापरवाही के चलते 256 यात्री आरक्षण के बावजूद आरामदायक यात्रा नहीं कर सके।जबरन घुसे युवाओं ने सीटों के साथ टायलेट पर भी कब्जा कर लिया था। डिब्बे में कई बुजुर्ग यात्री भी थे। रास्ते में युवा शराब और सिगरेट का सेवन भी कर रहे थे। असुविधा की वजह से कुछ यात्रियों को यात्रा बीच में ही निरस्त करनी पड़ी और वे उज्जैन में ही उतर गए।सेठी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा में की गई चूक को गंभीर मानते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने रेलवे को आदेश दिया कि वह 30 दिन के भीतर प्रत्येक यात्री को पांच-पांच हजार रुपये का भुगतान करे। इस राशि पर परिवाद प्रस्तुत दिनांक से आठ प्रतिशत की दर से ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा परिवाद व्यय के रूप में दस हजार का भुगतान भी करना होगा।

## इंदौर के खंडवा रोड पर हादसा, चलती सिटी बस से गिरी तीन लड़कियां, एक की हालत गंभीर

**इंदौर। शहर के खंडवा रोड पर मंगलवार शाम को हादसा हो गया। यहां चलती सिटी बस से तीन लड़कियां गिर गई, जिससे वे घायल हो गई। हादसा बस चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ। घटना पांच नंबर रूट की बस से हुई है। बताया जा रहा है कि खंडवा रोड पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सामने मंगलवार शाम को सिटी बस चालक ने सामने आई कार को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे उसमें सवार तीन लड़कियां बस से नीचे जा गिरी। हादसे में एक लड़की के हाथ में चोट आई है, जबकि एक की हालत गंभीर है। सूचना पर भंवरकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। घायलों के नाम श्रेया शुक्ला निवासी मानवता नगर, आरती शर्मा निवासी सरस्वती नगर खजराना व एक अन्य है। सिटी बस चालक ने घायल लड़कियों को लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने सिटी बस और कार को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

# शिव ज्योति अर्पणम- क्षिप्रा तट के पावन रामघाट पर 5 लाख दीप किए जाएंगे प्रज्वलित

## कलेक्टर-एसपी ने कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण ,सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश



उज्जैन / हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर 9 अप्रैल को क्षिप्रा तट के पावन रामघाट पर शिव ज्योति अर्पणम् कार्यक्रम के तहत 5 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी। मंगलवार को कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने अधिकारियों के साथ रामघाट पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मृणाल मीना, आयुक्त नगर निगम श्री आशीष पाठक, अपर कलेक्टर श्री अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। आयुक्त नगर निगम श्री पाठक द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में लगभग 6000 वॉलिंटियर अपनी भूमिका निभायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम के व्यवस्थित ढंग से आयोजन किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम में निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित बेरिकेडिंग किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए राम घाट पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यपालक दंडाधिकारियों और होमगार्ड के अमले की भी ड्यूटी लगाएं।निरीक्षण के दौरान उज्जैन उत्तर और दक्षिण के एसडीएम, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, होमगार्ड सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की मासिक और दैनिक वेतन की दरें 6 माह के लिये निर्धारित

उज्जैन। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने मप्र वित्त संहिता में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उज्जैन जिले में विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों/कर्मचारियों के लिये परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें एक अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक के लिये निर्धारित की है। यह दरें सभी विभागों में कार्यरत आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों पर लागू होगी।आदेश के तहत अकुशल श्रमिक का कुल वेतन प्रतिमाह 11800 रुपये और प्रतिदिन 393 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिक का कुल वेतन प्रतिमाह 12796 और प्रतिदिन 427 रुपये, कुशल श्रमिक का कुल वेतन प्रतिमाह 14519 और प्रतिदिन 484 रुपये तथा उच्च कुशल श्रमिक का कुल वेतन प्रतिमाह 16144 और प्रतिदिन 538 रुपये निर्धारित किया गया है।उल्लेखनीय है कि उक्त दरें 30 दिन से विभाजित कर निर्धारित की गई है, इसीलिये सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को वेतन सहित साप्ताहिक अवकाश देय होगा अर्थात मासिक वेतन में से साप्ताहिक अवकाश के लिये कोई कटौती नहीं की जा सकेगी।

### उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी

उज्जैन / मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे में समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट पर फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा।

## भूतड़ी अमावस्या स्नान पर्व पर 52 कुंड मे समुचित व्यवस्थाएं की जाएं-कलेक्टर नीरज कुमार सिंह

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें ,कलेक्टर एसपी ने कालियादेह स्थित 52 कुंड का किया निरीक्षण

उज्जैन / भूतड़ी अमावस्या 8 अप्रैल के अवसर पर उज्जैन के कालियादेह स्थित 52 कुंड में स्नान के लिए बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत मंगलवार को कलेक्टर उज्जैन नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के स्नान के लिए समुचित व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के माध्यम से 52 कुंड की साफ सफाई शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्नान पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें।

कार्यपालिक दंडाधिकारियों के साथ पुलिस और होमगार्ड का सुरक्षा बल तैनात किया जाएं। व्यवस्थित बेरिकेडिंग भी कराएं।



निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मृणाल मीना,अपर कलेक्टर श्री अनुकूल जैन, एसडीएम श्री अर्थ जैन, एसडीएम श्री एल एन गर्ग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# 9225 अधिकारी कर्मचारी कराएंगे मतदान

## मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 4 अप्रैल से प्रारंभ



उज्जैन / लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 13 मई को उज्जैन जिले में 9225 अधिकारी कर्मचारी मतदान कराएंगे। मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया , जिसमें अधिकारी कर्मचारियों का मतदान दल के रूप में चिन्हांकन किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन में 125 प्रतिशत अधिकारियों कर्मचारियों को चिन्हित किया गया, जिसमें 2333 पीठासीन अधिकारी, मतदान कर्मी 1 में 2310, मतदान कर्मी 2 में 2296 , मतदान कर्मी 3 में 2286 इस प्रकार कुल 9225 अधिकारी कर्मचारियों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। मतदान दल के रूप में चिन्हित में सभी अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 4 अप्रैल से माधव साइंस कॉलेज और पॉलीटेक्निक कॉलेज में दिया जाएगा। प्रथम रेंडमाइजेशन में जिला पंचायत सीईओ श्री मृणाल मीना, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महेंद्र कवचे, डीआईओ श्री धर्मेंद्र जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## जिला कम्युनिकेशन प्लान के लिये 7 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

उज्जैन। जिला पंचायत सीईओ एवं मेनपॉवर मैनेजमेंट के नोडल अधिकारी श्री मृणाल मीना ने लोकसभा निर्वाचन के तहत जिला कम्युनिकेशन प्लान के लिये सात अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई है। इस सम्बन्ध में ड्यूटी आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के तहत नागदा-खाचरौद विधानसभा के लिये महिला बाल विकास विभाग के अधीक्षक रवीन्द्र पंवार, महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के लिये महिला बाल विकास विभाग के सहायक श्रेणी-1 वन्दना त्रिवेदी, तराना विधानसभा क्षेत्र के लिये वन्दना मजुमदार सहायक ग्रेड-2, घट्टिया विधानसभा क्षेत्र के लिये सहायक ग्रेड-3 लोकेंद्र सिंह ठाकुर, उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लिये जिला परियोजना समन्वयक सचिन सोलंकी, उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिये सहायक ग्रेड-3 अमित सोनी और बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के लिये जिला परियोजना समन्वयक रोहित हिर्वे तथा भृत्य दिनेश व्यास एवं स्थाईकर्मी दीपक भेले की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी उपस्थिति महिला बाल विकास विभाग के कम्युनिकेशन प्लान के नोडल अधिकारी श्री एसए सिद्धिकी को तत्काल दी जाना सुनिश्चित करेंगे।

### सम्पत्तिकर से 32 करोड, जलकर से 10 करोड से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ

उज्जैन।नगर निगम की आय का मुख्य स्त्रोत सम्पत्तिकर है, निगम द्वारा अभियान चलाकर सम्पत्तिकर एवं जलकर वसूली का कार्य किया गया जिसके परिणाम स्वरूप इस वर्ष सम्पत्तिकर से 32 करोड से अधिक एवं जलकर से 10 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। निगम आयुक्त आशीष पाठक के मार्गदर्शन में सम्पत्तीकर विभाग एवं पीएचई विभाग द्वारा एक अभियान चलाया जिसमें सम्पत्तिकर, जलकर वसूली के लिए बकायादारों के यहां बिल पंहुचाए गए, सतत् उनसे दूरभाष पर सम्पर्क किया गया तथा उनसे कर वसूली का कार्य किया। इस अभियान में उपायुक्त, सहायक आयुक्तों को झोनों में करवसूली की जिम्मेदारी दी गई एवं उपायुक्त संपत्तीकर श्रीमती आरती खेड़ेकर एवं पीएचई उपायुक्त श्री मनोज मौर्य ने अभियान का नेतृत्व करते हुए बड़े सतपत्तिकरदाताओं के घर पहुंच कर उनसे कर वसूली का कार्य किया गया साथ ही ताला बंदी, कुर्की जैसी कार्यवाही भी की गई।

## लोकसभा निर्वाचन के अन्तर्गत चुनाव की प्रक्रिया सम्पादित करने के लिये विधानसभावार सेक्टर आफिसरों को नियुक्ति में 5 विधानसभा क्षेत्रों में आंशिक संशोधन आदेश जारी

उज्जैन। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह ने लोकसभा निर्वाचन अन्तर्गत निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान प्रक्रिया सम्पादित करने के लिये लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-22 उज्जैन अजा के लिये जिले की पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये सौंपे गये मतदान केन्द्रों के लिये सेक्टर आफिसरों की नियुक्त में आंशिक संशोधन किया है। नियुक्त सेक्टर आफिसर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस सम्बन्ध में सेक्टर आफिसरों के नियुक्ति आदेश में संशोधित आदेश जारी किया है।आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि सेक्टर आफिसर अपने सेक्टर अन्तर्गत निर्देशिका में निर्दिष्ट कार्यों को समयावधि में पूर्ण कराकर निर्धारित प्रपत्रों में जानकारी सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग आफिसरों को प्रस्तुत करेंगे। सेक्टर आफिसरों को सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन हेतु आयोग की वेब साइट से अद्यतन आदेश-निर्देशों का अध्ययन कर निर्वाचन से सम्बन्धित दायित्वों का निर्वहन करेंगे।कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि सेक्टर आफिसर अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर रूट में लगने वाले समय की गणना करेंगे तथा मतदान केन्द्रों की व्यवस्था में ईएमएफ जैसे रोशनी, पानी, छाया, रैम्प इत्यादि की रिपोर्ट सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर को प्रस्तुत करेंगे। नियुक्त किये गये सेक्टर आफिसर मतदानकर्मियों के प्रशिक्षण, सामग्री वितरण, मतदान दलों की रवानगी एवं मतदान के दिन एवं मतदानकर्मियों की वापसी तक अपने क्षेत्र में रहेंगे और सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। अधिकारी अपने स्तर पर अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी अपने साथ नहीं लगायेंगे। अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का मनोयोगपूर्वक पालन किया जायेगा। आदेश का उल्लंघन या कार्य में लापरवाही अधिनियम के तहत दण्डनीय होगा।संशोधित आदेश के अन्तर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-212 नागदा-खाचरौद में संशोधन उपरांत नियुक्त किये गये सेक्टर आफिसर में विक्रम विश्वविद्यालय के आचार्य विनोद शर्मा, उप आचार्य जगदीशचंद्र शर्मा, आचार्य अलका कुमावत, आचार्य उमेश शर्मा एवं दीपिका गुप्ता रहेंगे।विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-213 महिदपुर के सेक्टर-17 के लिये संशोधन उपरांत विक्रम विश्वविद्यालय के उप आचार्य धीरेंद्र सोलंकी को सेक्टर आफिसर नियुक्त किया गया है। कमलेश दशोरा, उमेश कुमार सिंह, रामजी यादव, अंजली श्रीवास्तव, एसके तिवारी एवं शीतांशु रथ रिजर्व में रहेंगे। इसी तरह संशोधन उपरांत सेक्टर-4 के लिये जल संसाधन विभाग के ईई मयंक सिंह एवं जल संसाधन उप संभाग महिदपुर के प्रभारी एसडीओ अजय बघेल को संशोधन उपरांत सेक्टर आफिसर नियुक्त किया गया है।

# करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की फिल्म 50 करोड़ के करीब पहुंची



करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन की मुख्य भूमिकाओं वाली क्रू ने पांचवें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अजेय कमाई की है। भारत में 3.5 करोड़ रुपये की कमाई हुई, नाटकीय रिलीज के पांच दिनों के बाद कुल कलेक्शन 37.20 करोड़ रुपये हो गया। गैर-छुट्टियों वाले सप्ताह के दिनों के लिए ये संख्या अच्छी मानी जा सकती है, क्योंकि क्रू को सिनेमाघरों में मडगांव एक्सप्रेस और शैतान सहित कई अन्य फिल्मों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।कथित तौर पर फिल्म का बजट, उत्पादन लागत और विज्ञापन खर्चों को मिलाकर, लगभग 60 करोड़ है। गुड फ्राइडे की छुट्टी से फिल्म का बिजनेस बढ़ा। खासकर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे शहरों में जिसने पहले दिन की कमाई में बड़ा योगदान दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, द क्रू 2000 थिएटर्स में रिलीज हुई है। इसका प्रीमियर 75 से अधिक देशों में 1100 से अधिक स्थानों पर हुआ।फिल्म की कहानी तीन समर्पित दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है जो कोहिनूर एयरलाइंस के लिए केबिन क्रू सदस्य के रूप में काम करते हैं। उसकी सीधी-सादी जिंदगी में एक मोड़ आता है जब वह खुद को एक शख्स की साजिश में फंसती हुई पाती है। बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क के बैनर तले निर्मित क्रू में न केवल तीन मुख्य अभिनेत्रियाँ हैं बल्कि इसके स्टार कास्ट में दिलजीत दोसांझ, कपिल शर्मा, सास्वता चटर्जी, राजेश शर्मा और कुलभूषण खरबंदा भी शामिल हैं।

# फिल्म निर्माताओं के लिए सबमिशन की समय सीमा बढ़ाई गई



सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में पहली बार डॉक फिल्म बाजार के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है, जो 18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) के साथ आयोजित किया जाना है। नई विस्तार तिथि 10 अप्रैल, 2024 है, जिससे फिल्म निर्माताओं को अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत करने के लिए अधिक समय मिल जाएगा।डॉक फिल्म बाज़ार एक ऐसा मंच है जो फिल्म निर्माताओं, निर्माताओं और वितरकों की प्रतिभा को प्रदर्शित करके वृत्तचित्र, लघु फिल्मों और एनीमेशन सामग्री के विकास को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य भारतीय, ईरानी और अफगान क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिए सहयोग, सह-उत्पादन के अवसर और वित्त पोषण के अवसरों को सुविधाजनक बनाना है।कार्यक्रम के प्रमुख खंडों में डॉक को-प्रोडक्शन मार्केट (सीपीएम), डॉक व्यूइंग रूम (वीआर), और डॉक वर्क-इन-प्रोग्रेस लैब (डब्ल्यूआईपी) शामिल हैं। सीपीएम एक ऐसा मंच है जिसे विशेष रूप से वैश्विक फिल्म बिरादरी से कलात्मक और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह फिल्म निर्माताओं और संभावित निर्माताओं को परियोजनाओं पर जुड़ने और सहयोग करने का अवसर प्रदान करता है।वीआर फिल्म निर्माताओं के लिए अपनी परियोजनाओं को प्रदर्शित करने का एक मंच है, और इसमें फिल्मों का एक क्यूरेटेड चयन शामिल है। डब्ल्यूआईपी उन फिल्मों के लिए एक बंद दरवाजे वाली प्रयोगशाला है जो निर्माण के कठिन चरण में हैं। यह फिल्म निर्माताओं को उद्योग के पेशेवरों के साथ बातचीत करने के लिए मार्गदर्शन, प्रतिक्रिया और अवसर प्रदान करता है।

# करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश जल्द करेंगे की शादी?



करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश की शादी की तारीख-अगर हमारे पास टेली टाउन के सबसे प्यारे जोड़े का पुरस्कार होता, तो हम खुशी-खुशी इसे तेजस्वी और करण को देते। जब से दोनों लवबर्ड्स ने एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार को स्वीकार किया है तब से वे एक दूसरे के लिए काफी सीरियस हैं। करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश की प्रेम कहानी तेजरन के बीच प्यार तब पनपा जब वे बिग बॉस 15 के घर के अंदर बंद थे। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों सेलिब्रिटीज ने सलमान खान के रियलिटी शो में एक-दूसरे का साथ दिया। तेजस्वी ने बीबी 15 ट्रॉफी जीती, जबकि करण कलर्स चैनल पर प्रसारित शो के दूसरे रनर-अप रहे।वैलेंटाइन डे 2024 पर दोनों ने अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताया। तेजस्वी ने अपने जश्न की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, हैप्पी वैलेंटाइन्स करण कुंद्रा उन सभी को जिन्हें प्यार मिला, इसे कभी हल्के में न लें... और जो लोग तलाश रहे हैं, मुझे आशा है कि आप सभी को प्यार, सहयोग, सम्मान, टीम का अनुभव मिलेगा।करण और तेजस्वी की शादी की अफवाहें इंटरनेट पर सामने आईं। ऐसी अफवाह थी कि दोनों लवबर्ड्स ने शादी कर ली है।

# भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आयुष्मान खुराना को यूथ आइकन नियुक्त किया गया



भारतीय चुनाव आयोग ने बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना को बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें भारत के चुनाव आयोग द्वारा देश के युवा आइकन के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, चुनाव आयोग के आधिकारिक यूट्यूब और एक्स प्रोफाइल ने नवीनतम वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा किया है। वीडियो में खुराना को भारत के लोगों से खास अपील करते हुए देखा जा सकता है।लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग हर साल वोटिंग को बढ़ावा देने के लिए किसी न किसी फिल्म अभिनेता को यूथ आइकन बनने की जिम्मेदारी सौंपता है। इस बार ये बड़ा मौका आयुष्मान खुराना को मिला है. उन्होंने मंगलवार को अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में आयुष्मान खुराना देश की जनता से आम चुनाव में वोट करने की खास अपील करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि देशभर में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग चरणों में और दिन और तारीख के हिसाब से चुनाव होने हैं, ऐसे में एक दिन का समय निकालकर अपना वोट जरूर डालें. आयुष्मान खुराना ने भी कहा है कि लोकसभा चुनाव एक त्योहार है, जिसे हम सभी को अपना कीमती वोट डालकर मनाना चाहिए।यूथ आइकन के रूप में आयुष्मान खुराना की नियुक्ति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अभिनेता ने उन फिल्मों में अभिनय किया है जिनका उद्देश्य वर्जनाओं और मिथकों को दूर करना है। मालूम हो कि इससे पहले अभिनेता राजकुमार राव को भी भारतीय चुनाव आयोग ने नेशनल यूथ आइकन बनाया था।आखिरी बार ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे के साथ नजर आए आयुष्मान खुराना कुछ महीनों से फिल्मी दुनिया से दूर हैं। उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर अभी कोई ताजा अपडेट नहीं है. हालांकि चर्चा यह भी चल रही है कि एक्टर 2018 की सुपरहिट फिल्म बधाई हो के सीक्वल में नजर आ सकते हैं।

## खेल सरोवर–खेल सरोवर–खेल सरोवर

# लखनऊ ने बेंगलुरु को 28 रन से दी मात, डिकॉक और मयंक ने किया धमाकेदार प्रदर्शन



आईपीएल 2024 भी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के लिए अच्छा नहीं जा रहा है। आईपीएल 2024 के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने आरसीबी को उसी के होम ग्राउंड में 28 रन से मात दे दी। आरसीबी 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.4 ओवर में 153 पर ढेर हो गई। आरसीबी ने चार मैचों में से तीन गंवा दिए हैं। उसकी घर पर लगातार दूसरी हार है। एलएसजी ने लगातार दूसरा मैच जीता है। युवा पेसर मयंक यादव ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए हैं। वहीं नवीन उल-हक ने दो जबकि मणिमारन सिद्धार्थ, यश ठाकुर और मार्कस स्टोइनिस ने एक-एक शिकार किया। आरसीबी के दो प्लेयर रन आउट हुए। वहीं एलएसजी के लिए क्विंटन डिकॉक की 81 गेंद की ताबड़तोड़ पारी के बाद मैन ऑफ द मैच मयंक यादव (14 रन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी की। दरअसल, एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 181 रन बनाने के बाद आरसीबी की पारी को 19.4 ओवर में 153 पर आउट कर दिया। आरसीबी की चार मैचों में यह तीसरी हार है। एलएसजी के पिछले मैच में अपने पदार्पण पर रफ्तार से प्रभावित करने वाले मयंक ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे बल्लेबाजों को अपनी गति से परेशान कर आउट किया। लखनऊ की टीम के लिए नवीन उल हक ने भी 25 रन देकर दो विकेट लिये।आरसीबी के लिए महिपाल लोमरोर ने 13 गेंद में 33 रन का योगदान दिया जबकि रजत पाटीदार ने 29 रन बनाये। डिकॉक ने अपनी 56 गेंद की पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाने के साथ पहले विकेट के लिए लोकेश राहुल (14 गेंद में 20 रन) के साथ 53 रन और मार्कस स्टोइनिस (15 गेंद में 24 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 21 गेंद में पांच छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाये। आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने चार ओवर में महज 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। रीस टॉप्ली, यश दयाल और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली। दयाल ने चार ओवर में सिर्फ 24 रन दिये।चिन्नास्वामी मैदान पर अपना सौवां आईपीएल मैच खेल रहे विराट कोहली (16 गेंद में 22 रन) ने कृणाल पंड्या के खिलाफ चौका और नवीन उल हक के खिलाफ छक्का लगाया लेकिन वामहस्त स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ का इस लीग में पहला शिकार बने। देवदत्त पडिक्कल ने अगले ओवर में फाफ डु प्लेसिस (13 गेंद में 19 रन) को रन आउट किया। मयंक की तेज गेंद का मैक्सवेल और ग्रीन के पास कोई जवाब नहीं था।इस 21 साल के गेंदबाज ने मैक्सवेल को 151 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डालकर खाता खोले बगैर पूरन के हाथों कैच कराया जिससे आरसीबी का स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से तीन विकेट पर 43 रन हो गया। उन्होंने इसके बाद ग्रीन (नौ रन) को बोल्ड किया।आरसीबी की टीम 10 ओवर के बाद चार विकेट पर 63 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। पाटीदार ने इसके बाद 11वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ छक्का लगाया लेकिन ओवर में रवि बिश्नोई की गेंद पर कृणाल ने उनका आसान कैच टपका दिया। इस बल्लेबाज ने इसका जश्न लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर मनाया। गेंदबाजी पर आये स्टोइनिस ने अनुज रावत (21 गेंद में 11 रन) को आउट कर आरसीबी को पांचवां झटका दिया। 15वें ओवर में गेंदबाजी के लिए फिर से आये मयंक ने पाटीदार की 21 गेंद की पारी को खत्म किया।इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतरे महिपाल लोमरोर ने यश के खिलाफ दो छक्के और एक चौका लगाने के बाद 17वें ओवर में नवीन उल हक के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़कर आरसीबी की उम्मीदों को बरकरार रखा। अफगानिस्तान के इस गेंदबाज ने हालांकि इसी ओवर में दिनेश कार्तिक (आठ गेंद में चार रन) को आउट किया जबकि यश ठाकुर ने 18वें ओवर में लोमरोर को पवेलियन की राह दिखाकर आरसीबी की हार तय कर दी।इससे पहले डिकॉक और राहुल ने लखनऊ को तेज शुरुआत दिलाई जिसमें दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने पहले ओवर में टॉप्ली के खिलाफ तीन चौके लगाने के बाद मोहम्मद सिराज के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्के जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये। अब तक संभल कर खेल रहे राहुल ने पांचवें ओवर में यश दयाल और छठे ओवर में मैक्सवेल की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ने अगली गेंद पर उन्हें अपनी फिरकी में फंसाकर मयंक डागर के हाथों कैच कराया। पडिक्कल का संघर्ष इस मैच में जारी रहा जो 11 गेंद में सिर्फ छह रन बनाकर सिराज की गेंद पर आकाशीय शॉट खेल बैठे जिस पर विकेटकीपर अनुज रावत ने अच्छा कैच लपका।

# टी20 टूर्नामेंट की फिर से हो सकती है शुरुआत, भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड ने की आपस में चर्चा



मुंबई। भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग क्लब टी20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था। चैम्पियंस लीग में 2009 . 10 और 2014 . 15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। भारत में मेलबर्न क्रिकेट अकादमी के लांच के लिये खेलोमोर से साझेदारी के मौके पर उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि चैम्पियंस लीग समय से पहले की पहल थी। उस समय टी20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था। लेकिन अब है।'' उन्होंने कहा ,'' क्रिकेट आस्ट्रेलिया, ईसीबी और बीसीसीआई इसे फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं। इसके लिये आईसीसी के व्यस्त कैलेंडर में विंडो तलाशना मुश्किल है। हो सकता है कि पहली चैम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।

## बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिला 2 लाख रुपये का पारितोषिक

भोपाल। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब तक 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के बाद 27 प्रकरणों में अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि 20 लाख रुपये की शत-प्रतिशत वसूली की गई थी। इस पर लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गई। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा.संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। हाल ही में कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर बिल की राशि के 10 प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है।

# पाठकों तक तथ्यात्मक एवं सही जानकारी पहुंचाएँ

## राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन

भोपाल। मीडिया निर्वाचन संबंधी तथ्यात्मक एवं सही जानकारी पाठकों तक पहुंचाएँ। आयोग का प्रयास है कि मीडिया को निर्वाचन संबंधी सभी अद्यतन जानकारियाँ दी जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने यह बात प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय मीडिया वर्कशॉप में कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में मीडिया की अहम भूमिका है।

श्री राजन ने कहा कि सभी मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य में मीडिया का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। मतदाता जागरूकता अभियान में मीडिया भी सहभागिता करे। श्री राजन ने कहा कि वे लगातार मीडिया के संपर्क में रहते हैं, जिससे उनकी शंकाओं का समाधान किया जा सके और पाठकों तक सही जानकारियाँ पहुंचे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारक पत्रकारों को पोस्टल



बैलेट से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पत्रकार मतदान के दिन कव्हरेज में व्यस्त होने पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनकी इच्छा पर उन्हें घर से वोटिंग करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये।संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री ने कहा कि पत्रकार आयोग के आँख और कान हैं। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से आयोग को ऐसी जानकारियाँ मिल जाती हैं, जो कई बार प्रशासन की नजरों में नहीं आ पाती हैं। श्री खत्री ने कहा कि एमसीएमसी कमेटी के अनुमोदन के बाद ही राजनैतिक विज्ञापन जारी किये जाएं। विज्ञापन समाचार के रूप में नहीं देना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से नेशनल मीडिया अवार्ड के लिये नामांकन दर्ज करने का भी आग्रह किया।नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर पी.एन. सनेसर और डॉ. वाय.पी. सिंह ने सी-विजिल एप, केवाईसी, एमसीएमसी, पेड न्यूज, मीडिया एथिक्स और मतदान एवं मतगणना के दिन मीडिया कव्हरेज सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यशाला में श्री राजन ने भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोज सैनी के पुत्र के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की।मीडिया वर्कशॉप में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे और उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शुक्ला अधिकारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# 13 अभ्यर्थियों ने भरा नाम निर्देशन पत्र

## अब तक 21 अभ्यर्थियों ने भरे 27 नाम निर्देशन पत्र

**भोपाल । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 28 मार्च से जारी हो चुकी है। दूसरे चरण के नामांकन के तीसरे दिन 13 अभ्यर्थियों ने 19 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। 28 मार्च से अब तक 21 अभ्यर्थियों द्वारा 27 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया है कि 2 अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-6 टीकमगढ़(अजा) में एक अभ्यर्थी द्वारा एक नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-7 दमोह में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-8 खजुराहो में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-9 सतना में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-10 रीवा में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 5 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-29 बैतूल(अजजा) में 1 अभ्यर्थी द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये हैं। लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-17 नर्मदापुरम में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नही किया गया।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

## चलती ट्रेन में चाकू मारकर सराफा कारोबारी से तीन लाख रुपये और जेवर लूट के मामले में छह गिरफ्तार

भोपाल । पिछले दिनों चलती ट्रेन में सराफा व्यापारी को चाकू मारकर तीन लाख रुपये, सोने के जेवर लूटने के मामले का रेलवे पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में गिरोह के छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। बदमाशों से रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया था। उनसे लूटपाट की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि गंजबासौदा निवासी 48 वर्षीय राजेश सोनी काफी समय से गंजबासौदा और भोपाल के व्यापारियों के बीच सोने के जेवर बनवाने का काम करते हैं। इसके लिए वह अक्सर भोपाल आना-जाना करते थे। वह बिलासपुर भोपाल पैसेंजर एवं पंजाब मेल से सफर करते थे। 26 मार्च को राजेश सोनी बिलासपुर-भोपाल ट्रेन से एस-वन कोच में बैठकर भोपाल आ रहे थे। उनके पास रखे बैग में तीन लाख रुपये और करीब सवा तीन लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर रखे हुए थे। निशातपुरा आउटर के पास ट्रेन की रफ्तार कुछ धीमी हुई, तभी एक युवक ने राजेश के गले पर बड़ा चाकू अड़ा दिया और बैग उसके हवाले करने को बोला। राजेश ने विरोध किया तो युवक के दो और साथी भी आ गए और जबरन बैग छीनने की कोशिश करते हुए राजेश की बैग सहित खींचते हुए गेट तक आ गए। इस बीच चाकू अड़ाने वाले युवक ने राजेश के हाथ में चाकू से तीन-चार वार कर दिए। पकड़ ढीली होते ही बैग छूट गया, लेकिन युवक भी बैग सहित चलती ट्रेन से गिर गया था। उधर उसके दो साथी भी चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट कर लूट का केस दर्ज किया था।

## भोपाल में धूमधाम से मनेगी मां कर्मा देवी जयंती



भोपाल । साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की जयंती पांच अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर शहर में घोड़ा नक्कास, बरखेड़ी, भेल, करोद, छोला, आनंद नगर, बैरसिया, कोलार आदि में भव्य आयोजन होंगे। साहू समाज के लोग मां कर्मा देवी की पूजा-अर्चना करेंगे। पुराने शहर में मां कर्मा देवी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी।साहू समाज के संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष अनिल साहू अकेला, अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि घोड़ा नक्कास स्थित मां कर्मा देवी मंदिर में जयंती के मौके पर सुबह विशेष अनुष्ठान होंगे। मां कर्मा देवी को इमरत बाई साहू एवं गणेश प्रसाद साहू छन्नू भैया की स्मृति में उनके परिवार द्वारा खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।सुबह पूजा-अर्चना के पश्चात दोपहर तीन बजे समाज के घोड़ा नक्कास स्थित मंदिर से एक शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। जो मंगलवारा, इतवारा, सुभाष चौक, लखेरा पुरा, भवानी चौक, सोमवारा, जवाहर चौक, जुमेराती से होती हुई वापस मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। इसमें बैंड, ढोल ,नृत्य करते हुए घोड़े विशेष साज-सज्जा सहित मां कर्मा के जीवन पर आधारित झांकियां, राधा-कृष्ण की नृत्य करती हुई झांकियों के अलावा छतरी एवं कलश लिए महिलाएं शामिल रहेंगी। शाम को मंदिर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उसमें गणमान्य अतिथि एवं अखिल भारतीय, प्रदेश, जिला एवं समस्त इकाइयों के पदाधिकारी महिला मंडल के पदाधिकारी युवा साथी उपस्थित रहेंगे।

## भोपाल में संपत्तिकर वसूली में जोन-13 अव्वल, कमाए करीब 29 करोड़ रुपये

भोपाल । नगर निगम द्वारा बीते वित्तीय वर्ष की राजस्व वसूली के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए गए है। इसमें संपत्तिकर की वसूली के मामले में जोन क्रमांक 13 सभी 21 जोन से अव्वल रहा। वहीं जोन क्रमांक तीन सबसे निचले पायदान पर रहा। हालांकि इस बार निगम का सकल राजस्व 493 करोड़ रुपये रहा, फिर पिछले वित्तीय वर्ष में हुई वसूली का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में निगम ने रिकार्ड 498 करोड़ रुपये वसूले थे, इस बार पांच करोड़ रुपये कम वसूली हुई। जबकि करीब 600 करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।निगम द्वारा जारी किए गए आंकड़ो के अनुसार जोन क्रमांक 13 में 28 करोड़ 87 लाख 44 हजार 430 रुपये का संपत्तिकर वसूला गया। वहीं दूसरे नंबर पर




जोन क्रमांक 21 रहा। यहां 28 करोड़ 27 लाख 56 हजार, 876 रुपये की वसूली हुई। जबकि तीसरे पर जोन क्रमांक 12 ने 18 करोड़ 77 लाख 29 हजार 877 रुपये की वसूली की। इधर सबसे पिछड़े जोन क्रमांक तीन में एक करोड़ 86 लाख तीन हजार 234 रुपये का संपत्तिकर ही वसूला जा सका।सकल राजस्व वसूली की बात करें, तो पिछले वित्तीय वर्ष में भवन अनुज्ञा शाखा ने 140 करोड़ रुपये केवल कंपाउंडिंग से जुटाए थे। यही कारण था, कि नगर निगम ने रिकार्ड बनाते हुए करीब 498 करोड़ रुपये की वसूली की थी। इस बार कंपाउंडिंग से केवल 3 करोड़ 78 लाख रुपये ही जुटाए जा सके।शहर की 25 लाख आबादी को पानी पिलाने के लिए नगर निगम पूरे वर्षभर में सवा सौ करोड़ रुपए की बिजली जला देता है। इसके बाद पानी को जलशोधन करने का खर्च, कर्मचारियों का वेतन, ईंधन और मेंटनेंस अलग होता है। लेकिन पूरे सालभर में पानी के घर-घर लगे कनेक्शन के चार्ज के रूप में निगम को मात्र 73 करोड़ 73 लाख रूपए ही मिले। हालांकि जलकर वसूलने का लक्ष्य 90 करोड़ रुपये था।

## बहू को जलाकर मारने वाले ससुर को आजीवन कारावास

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश सैफी दाउदी की अदालत ने बहू पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर हत्या के आरोपित ससुर मोहन लाल भूमिया को दोषी करार दिया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। पांच हजार का जुर्माना भी लगाया गया।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिलावर धुर्वे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मंझौली थानातर्गत ग्राम गुर्दा में 18 अप्रैल, 2022 को आरोपित ससुर मोहन




लाल भूमिया ने शराब के नशे में अपनी बहू अभिलाषा भूमिया से मारपीट की।आरोपित ससुर ने मिट्टी का तेल उड़ेलकर अभिलाषा को आग लगा दी। जिससे वह 90 प्रतिशत बुरी तरह जल गई। उसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में दहेज एक्ट व हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपित ससुर मोहनलाल सजा सुना दी।

## सीएम डॉ. मोहन यादव बोले- राहुल गांधी की बात पर कौन करता है भरोसा



जबलपुर, सतना। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।जबलपुर में मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी के बयान पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी की बात पर भरोसा कौन करता है? राहुल गांधी की बातों में तथ्य और गंभीरता नहीं होती है। उनकी खुद की पार्टी उन्हें गंभीरता से नहीं लेती।रीवा, सतना, खजुराहो और दमोह में गुरुवार तक नामांकन जमा किए जाने हैं। इसके चलते, अंतिम दो दिनों में अब कांग्रेस, बीजेपी समेत अन्य दलों के कैंडिडेट एक बार फॉर्म भरने के बाद अब वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में नामांकन जमा कर रहे हैं।

# बच्चों के खुद के वजन से अधिक वजनी स्कूल बैग



डॉ.रजनीश श्रीवास्तव

नर्सरी से लेकर आठवीं तक के स्कूल के बच्चों के स्कूल बैग का वजन उन बच्चों के खुद के वजन से ज्यादा है।स्कूल बैग का वजन कम तो सभी करना चाहते हैं मगर ठोस प्रयास करने की जिम्मेदारी कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं ले रहा है।मुझे याद है बचपन में जब हम छठी कक्षा में थे तब से ही स्कूल जाते समय किताबें तो सभी विषयों की ले जाते थे मगर कॉपी एक ही ले जाते थे, जो रफ कापी कहलाती थी और क्लास में पढ़ाये गए सारे विषय के नोट्स उसी रफ कॉपी में लिखते थे।घर आने के बाद रफ कॉपी के नोट्स को संबंधित विषय की फेयर कॉपी में उतार लिया करते थे।इससे दो फायदे होते थे एक तो स्कूल बैग का वजन बहुत कम रहता था और दूसरा जो विषय हम स्कूल में पढ़ते थे उसका एक रिवीजन अर्थात दोहराने का काम उसी दिन घर पर हो जाता था।अगर दृढ़ इच्छा शक्ति से स्कूल बैग का वजन कम करना है तो उसके लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों में सिर्फ निम्न उपाय करने होंगे।

प्रथम-सभी विषयों की पुस्तकों और कापियों को एक नाप का करना होगा अर्थात उनकी लम्बाई और चौड़ाई एक समान करना होगा।अभी अलग-अलग नाप की किताबें और कॉपियां होती हैं।उनको एक नाप का करना होगा।

दूसरा- प्रत्येक क्लास के सभी विषयों के पाठ्यक्रम को समान चैप्टर/अध्याय में विभाजित किया जाना चाहिए अर्थात एक कक्षा में पढ़ाए जाने वाले सभी विषयों के चैप्टरों/अध्यायों की संख्या एक समान होनी चाहिए या यह संख्या 10 से विभाजित होने



वाली हो तो ज्यादा अच्छा रहेगा।अर्थात 10,20,या 30 चैप्टर/अध्याय।

तीसरा- प्रत्येक कक्षा के सभी विषयों के सिलेबस/पाठ्यक्रम को 10 भागों में विभाजित करना होगा। ऐसा यह मानते हुए कि बच्चों के स्कूल साल में 12 महीने के स्थान पर 10 महीने ही खुले रहते हैं। शेष 2 महीने अवकाश रहता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक विषय के सिलेबस/पाठ्यक्रम को बराबरी से 10 भाग में विभाजित करना होगा और प्रत्येक विषय के एक भाग को जोड़कर एक पुस्तक बनानी होगी और इसी प्रकार उन सभी विषयों की कॉपियों के पेज भी उसी अनुसार जोड़कर एक कॉपी बनानी होगी।प्रत्येक किताब और कापी के सेट को 1 से लेकर 10 तक का क्रमांक देना होगा। इस एक किताब और एक कॉपी का एक सेट बच्चों को एक माह तक स्कूल लाना होगा और एक माह के बाद जब एक माह का सिलेबस पढ़ाकर खत्म हो जाएगा तो अगले माह दूसरे माह के सेट की किताब और कॉपी लानी होगी। इस प्रकार 10 माह तक प्रत्येक माह में अलग-अलग किताब और कॉपी के सेट लेकर स्कूल आना होगा। ऐसा करने के लिए पाठ्य पुस्तक निगम और एनसीईआरटी को अपने सिलेबस/पाठ्यक्रम इस प्रकार बनाने होंगे ताकि उनको 10 माह में पूर्ण किया जा सके और उन्हें पुस्तक भी इसी प्रकार से छापना होगा। इस प्रक्रिया को करने से नर्सरी से लेकर एल के जी और यू के जी दर्जे तक की एक पुस्तक और एक कॉपी के सेट का वजन अधिकतम 500 ग्राम तक का होगा।पहले दर्जे से पांचवी तक के बच्चों की एक पुस्तक और एक कॉपी के सेट का वजन अधिकतम 1 किलोग्राम तक हो सकता है।छठवीं से आठवीं तक के बच्चों के स्कूल बैग की एक किताब और एक कॉपी के सेट का वजन अधिकतम 2 किलोग्राम तक हो सकता है।यह प्रक्रिया प्राइवेट पब्लिशर पर भी लागू की जाए ताकि सभी स्कूलों में 10 माह के लिए 10 किताब और 10 कॉपी का सेट बनाकर विक्रय किया जाए।यदि वजन और कम करना चाहते हैं तो सिलेबस/पाठ्यक्रम को 15 दिन का करते हुए 10 सेट की जगह 20 सेट भी बनाया जा सकता है।यदि उपरोक्तानुसार कार्य कर लिया जाए तो इसी वर्ष या अगले वर्ष के नए शैक्षणिक सत्र से ही यह व्यवस्था लागू की जा सकती है और बच्चों को स्कूल बैग के भारी वजन से मुक्ति मिल सकती है।

# उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन की साधारण सभा

## अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम सहित विभिन्न सेवा प्रकल्पों का बजट पारित



**उज्जैन। उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन की साधारण सभा एवं सेन्ट्रल बोर्ड संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर की अध्यक्षता में सद्गुरू स्वाध्याय मंदिर में आराध्य सद्गुरू रणछोड़ दासजी महाराज के चित्र के समक्ष विकास दीप प्रल्वलित कर सम्पन्न हुई।**

बैठक में संस्था पदाधिकारियों सहित मुम्बई, पूना, दिल्ली, जलंगाव, बनारस, इन्दौर, भोपाल, उज्जैन से आए पदाधिकारियों, सदस्यों एवं विषय विशेषज्ञों, ने सहभागिता की, इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती मंजू वनवासी, संजय राय राष्ट्रीय सचिव हरिजन सेवक संघ, नईदिल्ली, अनुराग कृष्णा, सिनीयर कंसल्टेंट टीसीएस, दिल्ली, श्री ताराचंद अग्रवाल, श्री हेमन्त वोरा, वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती सुषमा अग्रवाल, डॉ. आनन्द गौ?, श्रीमती अनिता गोयल, पार्थ गोयल, पूनम, अनिल सुराणा, मैहूल संघवी, डॉ. जे.पी. चैरषिया, प्रिंसीपल आर्युवेदिक धन्वतरि महाविद्यालय, उज्जैन, वैभव मिश्रा, वरिष्ठ आर्किटेक्ट डॉ. किरण शिंदे, तकनिकी वैज्ञानिक संजय खेर, लेफ्टिनेंट अग्रवाल, आईआईटी सेल अमरीश पाठक डॉ. सचिन गोयल, श्रीमती कांता गोयल, मालती देसाई सहित अनेक समाजसेवीगण उपस्थित रहे। बैठक में अनेक सेवा प्रकल्पों पर विचार विमर्श किया जाकर नव निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूर्ण करने नवीन परियोजनाओं सहित वर्ष 2024-25 का नवीन बजट पारित किया एवं अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, सेवा और आध्यात्मिक संस्थाओं के साथ अलांयस पर भी सहमति व्यक्त की गई। संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि भटनागर ने संस्था में चल रहे नवनिर्माण पर भी चर्चा की और बताया कि आवासीय व्यवस्थाओं की नितांत आवश्यकता है, वर्तमान में 365 आश्रमवासियों हेतु आवासीय सुविधाऐं उपलब्ध है किन्तु 800 से अधिक सदस्य निवासरत है, आश्रम को स्वावलम्बी बनाने, फण्डरेजिंग हेतु भी अनेक सुझावों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में बालकृष्ण मिश्रा, रिजनल हेड, जना स्मॉल फाईनेंस बैंक, अतर अली नागपुरवाला, डॉ. सुष्मिता भट्टाचार्य, शैलेन्द्र चित्तोड़ा, मैनेजर जना स्मॉल फाईनेंस बैंक, राजकुमार अग्रवाल, जलगांव आदि उपस्थित रहे, इस अवसर पर समस्त आतिथियों ने आनन्द करूणालय में विशेष बच्चों एवं बुजुर्गों को विशेष भोजन कराया।

# उत्कर्ष कार्य के लिए पुलिस मित्रों को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित



उज्जैन। पुलिस मित्रों द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था संभालने के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को समय-समय पर यातायात नियमों की जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। पुलिस मित्रों द्वारा उत्कर्ष कार्य किए जाने पर पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा सर द्वारा सर्टिफिकेट देकर इनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयंत सिंह राठौड़ डीएसपी दिलीप सिंह परिहार की मौजूदगी में पुलिस मित्र कमांडर आसिफ पटेल माया मारोठिया गौतम राय समीर बोरासी लोकेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। पुलिस मित्र कमांडर पटेल ने बताया कि प्रत्येक शनिवार रविवार को पुलिस मित्र यातायात व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हैं। डीएसपी श्री परिहार के मार्गदर्शन में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों को यातायात संबंधित नियम हेलमेट पहनने के लाभ ट्रैफिक रूल्स फॉलो करने की शपथ दिलवाने जैसे कार्य किया जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता में जीते 1 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 कास्य पदक

उज्जैन। खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षीरसागर मल्लखम्ब प्रशिक्षण केन्द्र एवं खेलों इण्डिया लघु केन्द्र के मल्लखम्ब खिलाड़ियों द्वारा रोहतक ( हरियाणा ) में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता में 7 पदक अर्जित कर उज्जैन एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।मल्लखम्ब प्रशिक्षक मोहनलाल बम्बोरिया के अनुसार तमन्ना यादव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मानसी बम्बोरिया, पूर्णिमा तिवारी, चार्वी कोरी, इशिका सोलंकी ने एक-एक कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं टीम के साथ उपरोक्त सभी ने 1-1 रजत पदक अर्जित किया। साथ ही बालक वर्ग में आदर्श झीरवाल, गर्व मालवीय, अनिकेत सिसोदिया, मोक्ष मुठा, आदित्य परमार ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के साथ रजत पदक अर्जित किये। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला खेल प्रमुख पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ओ.पी. हरोड़, सोनू गेहलोत अध्यक्ष, मल्लखम्ब संघ ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक मोहनलाल बम्बोरिया, राहुल बारोड़, शुभम पोद्दार को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित करने पर शुभकामनाएँ देते हुए इनके उज्जवल भविष्य के लिये कामना की।




## भोजन शाला में भोजन सेवा में दान देने वाले दाताओं के नाम

| क्रमांक | दिनांक | दानदाता का नाम | स्थान | जन्मदिन-स्मृति में भोजन सेवा | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02.04.2024 | कुलदीप सलूजा | बिल्लू एंड बिल्लू,फ्रीगंज | दोनों समय का भोजन | 1000रु.रसीद क्रं.345 |
| 2. | 02.04.2024 | रजनीकांत शंकरलाल शाह | ऋषिनगर,उज्जैन | भोजनशाला में सहयोग | 3000रु.रसीद क्रं.346 |
| 3. | 03.04.2024 | श्री पटेल परिवार की ओर से | उज्जैन | स्व.श्रीमती पार्वती पटेल की पुण्य स्मृति में | आज का भोजन |
| 4. | 03.04.2024 | जंबू कुमार बाकलीवाल | उज्जैन | भगवान आदिनाथ (ऋषभ देव)जयंती के उपलक्ष्य में | आज का भोजन |

**उज्जयिनी सेवा समिति द्वारा जिला चिकित्सालय उज्जैन में संचालित भोजन शाला में पिछले 25 वर्षों से समिति भोजन सेवा दे रही है। प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद और उज्जैन आने वाले यात्री मात्र 5 रू. में स्वादिष्ट भरपेट भोजन कर रहे हैं। मंगलवार दिनांक 02 अप्रैल को भोजनशाला में कुल 349 लोगों ने भोजन प्रसादी प्राप्त की।**

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर नीम मिश्रित जल से होगा महाकाल का अभिषेक





उज्जैन। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर हिंदू नववर्ष का उत्सव सबसे पहले महाकालेश्वर मंदिर में मनेगा। तड़के चार बजे पुजारी भगवान महाकाल का नीम मिश्रित जल से अभिषेक कर पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद पंचांग का पूजन किया जाएगा। मोक्षदायिनी शिप्रा के दत्त अखाड़ा व रामघाट पर उदय होते सूर्य को अर्घ्य प्रदान कर नूतन संवत्सर का स्वागत किया जाएगा।

पं.महेश पुजारी ने बताया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सृष्टि के आरंभ का दिन है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी मानी जाती है। इसलिए प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर हिंदू नववर्ष का उत्सव मनाया जाता है। उज्जैन से इसकी शुरुआत इसलिए होती है क्योंकि महाकाल काल के अधिपति देव हैं।आदि अनादि काल से उज्जैन कालगणना का केंद्र रही है। आज भी उज्जैन के मध्योदय को केंद्र में रखकर अनेक पंचांगों का निर्माण होता है। नया वर्ष शुभता व आरोग्यता से परिपूर्ण हो इसलिए भगवान महाकाल का नीम मिश्रित जल से अभिषेक किया जाएगा। साथ ही समय की सूचक पंचांग का पूजन भी होगा।

# घर की दशा सुधारने के लिए गुरुवार को होगा दशा माता का पूजन



उज्जैन। चैत्र कृष्ण दशमी पर गुरुवार को महिलाएं घर की दशा सुधारने के लिए दशा माता का पूजन करेंगी। इस दिन व्रत रखकर पीपल के वृक्ष का पूजन तथा कथा का श्रवण किया जाता है। महिलाएं कच्चे सूत के धागे में 10 गठान लगाकर इसे गले में स्वर्ण हार के रूप में ग्रहण करती हैं। मान्यता है इससे दुख, दारिद्रय का नाश होता है तथा परिवार में सुख समृद्धि आती है।ज्योतिर्विद पं.अमर डब्बावाला ने बताया हिंदू धर्म परंपरा में दशा माता व्रत का विशेष महत्व है। इस व्रत में महिलाएं दशा माता से दशविध लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करती हैं। पूजन में हल्दी से रंगे हुए सूत के कच्चे धागे में 10 गठान लगाकर पूजा अर्चना करने का महत्व है।महिलाएं मां से मनोकामना मांगते हुए धागे में 10 गठान लगाती है। इसके बाद पूजा अर्चना कर इसे गले में पहनती है। बाद में इस धागे को घर की तिजोरी में रखा जाता है। मान्यता है इससे घर परिवार में वर्षभर सुख समृद्धि बनी रहती है। अगले वर्ष जब महिलाएं फिर से दशा माता का पूजन करने जाती है। तिजोरी में रखे धागे को साथ लेकर जाती है, इस धागे को पीपल के वृक्ष के समीप पूजन स्थल पर रख देती है और नई दशा घर लेकर आती हैं।

# अमित-अनामिका शर्मा हुए सम्मानित

उज्जैन। प्रजापति चौरासी संघ द्वारा अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगीत क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए गायक अमित शर्मा और डॉ. अनामिका शर्मा को उज्जैन का नाम राष्ट्रीय स्तर गौरवान्वित करने हेतु अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।स्टार वन फेम सिंगर अमित शर्मा ने गणेश वंदना, राम-हनुमान स्तुति, महाकाल आराधना सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनामिका शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, सुरेंद्र यादव, दिनेश कुंभकार, रवि प्रजापत, वीरेंद्र प्रजापत, राहुल प्रजापत, दुलीचंद कवि सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# पिता को दिखाने के लिए मां ने फ्रिज में रखा था बच्चों का खून, बेटे-बेटी की आत्महत्या मामले में दंपती गिरफ्तार

उज्जैन । सैफी बाखल में रहने वाले भाई-बहन की आत्महत्या के मामले का मंगलवार को पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने बच्चों के माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बच्चों के साथ मां भी आत्महत्या करना चाहती थी, मगर बच्चों ने उन्हें अपना खून दिखाने के लिए रोक दिया था। महिला बच्चों की आत्महत्या के बाद स्कूल पढ़ाने के लिए चली गई थी।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के सैफी बाखल में शुक्रवार शाम को ताहेर पुत्र सादिक और उसकी बहन जेहरा ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को बच्चों की मां फातिमा ने बताया था कि वह उस दौरान स्कूल गई थी। बच्चों के पिता कुवैत में रहकर नौकरी करते हैं। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला था, जिसमें ताहेर की आंखों का उपचार नहीं करवाने का जिक्र था। पुलिस को भाई-बहन के हाथ में कट के निशान मिले थे, मगर खून नहीं मिला था। इससे मामला संदिग्ध हो गया था। जांच के दौरान पुलिस को खून फ्रिज में रखा मिला था।पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि मृतक भाई-बहन का पिता वर्ष 2003 से कुवैत में रहकर नौकरी करता था। मृतक ताहिर को आंखों की गंभीर बीमारी थी। उसका उपचार करवाने के लिए पिता रुपये नहीं भेजता था। पिता सालों बाद कम समय के लिए उज्जैन आया करता था। इससे ताहिर और उसकी बहन जेहरा बेहद तनाव में थे। पुलिस को बच्चों की मां के मोबाइल में पति सादिक द्वारा बुधवार को किया गया



मैसेज मिला था। इसमें उसने अपने पास रुपये कम होने और कर्ज ज्यादा होने की बात लिखी थी। इससे दुखी होकर ताहिर, जेहरा और उनकी मां फातिमा ने आत्महत्या करने का निर्णय लिया था, मगर दोनों बच्चों ने अपनी मां को आत्महत्या करने से रोक दिया था। दोनों ने उससे कहा था कि वह उनका खून फ्रिज में रख दें, और अगर उनका पिता उज्जैन आए तो उसे दिखाना कि यह उनके बच्चों का खून है।बच्चों ने अपनी मां के सामने ही नींद की गोलियां खाई और फिर अपने हाथ की नसें काट ली थी। मां ने बच्चों का खून थैली में एकत्र करके उसे फ्रिज में रख दिया। नस काटने के बाद भी बच्चों की मौत नहीं हुई थी। इस पर बच्चों ने मां के सामने ही सल्फास की गोलियां खाई थी। इसके बाद मां पढ़ाने के लिए स्कूल चली गई। शाम को घर आने के बाद उसने बच्चों द्वारा आत्महत्या किए जाने का नाटक किया और लोगों को सूचना दी थी।मां फातिमा ने ही बच्चों के मरने से पूर्व उनका सुसाइड नोट लिखा था। हालांकि उसने अपने बच्चों के मरने से पहले उस पर साइन करवा ली थी। मृतक ताहिर डायरी भी लिखता था। उसमें उसने पिता द्वारा परेशान किए जाने और जिम्मेदारी ठीक से नहीं उठाने का जिक्र किया था। पुलिस ने मां-पिता के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# व्यापार मेले में अब तक 63 करोड़ की छूट मिली

## 9 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में 13000 से अधिक गाड़ियां बिक चुकी

उज्जैन/ विक्रम उत्सव के अंतर्गत आयोजित उज्जैनी व्यापार मेले में अब तक वाहनों की खरीदी पर 63 करोड़ की छूट दी जा चुकी है । मेले का आयोजन 9 अप्रैल तक किया जाएगा।ग्वालियर की तर्ज पर पहली बार उज्जैन में व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें टैक्स में भारी छूट दी जा रही है। इस वजह से इस व्यापार मेले में वाहनों की खरीदी जमकर हो रही है। हालत यह है कि कई वाहन डीलर को उपभोक्ताओं की डिमांड पर अन्य जिलों और राज्यों से वाहन मंगा कर डिलीवर करना पड रहे हैं। मेला 9 अप्रैल तक चलेगा और इस मेले में और भी वहां बिकने की उम्मीद है। मेले में अब तक चार लाख रुपए से लेकर 3 करोड रुपए तक की कीमत की करें दिख चुकी है। मेले में अब तक सभी प्रकार के कुल 13481 वहां बिक चुके हैं। आमतौर पर पुष्य नक्षत्र धनतेरस वह दिवाली के विशेष अवसरों पर वहां की खरीदी होती है लेकिन वह भी इतनी संख्या में नहीं होती है यह पहला मौका है जब शहर में इतनी संख्या में वाहनबिके हो। वाहनों के पंजीयन के लिए अब भी लंबी-लंबी कटारे लग रही है।

# बिजली कटौती का शेड्यूल जारी

## सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक बंद रहेगी बिजली

उज्जैन( सुशील दुबे ) । बिजली कंपनी ने भरी गर्मी में बिजली कटौती का शेड्यूल जारी कर दिया है। मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही इस विद्युत कटोती से 9 दिन में करीब 65 कॉलोनी की बिजली बंद रहेगी। गर्मी के कारण तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। घरों में अब पंखे, कूलर, एसी वगैरह का उपयोग भी अब होने लगा है। ऐसे समय में बिजली कंपनी ने मेंटेनेंस के नाम पर सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक बिजली कटौती का शेड्यूल जारी किया है। बिजली कंपनी के अनुसार लाइन में व ट्रांसफार्मर में आवश्यक रख रखाव के लिए बिजली कटौती का शेड्यूल जारी किया है। 3 अप्रैल से 14 अप्रैल तक नील गंगा वह सांवेर रोड 11 केवी फीडर गंगा विहार शिप्रा विहार फीडर, विद्यापति , मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया, बसंत बिहार, सिवान सिटी , कोठी रोड की बिजली सप्लाई इस दौरान बंद की जाएगी। इसका असर यह होगा कि साइ धाम कॉलोनी , वसंत विहार, महानंदा नगर, विद्यापति नगर सहित शहर की करीब 65 कॉलोनी के निवासियों को 3 घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। गर्मी के आगमन के साथ ही लोग बेहद गर्मी से वैसे ही परेशान है और ऐसे में बिजीली कटौती का यह आदेश परेशान करने वाला है। बिजली कंपनी का यह नियम है की बारिश के पूर्व सभी फिडरों का मेंटेनेंस और लाइन की जांच भी की जाती है। लेकिन भारी गर्मी में बिजी कटौती का यह शेड्यूल परेशान करने वाला जरूर है। अभी मेंटेनेंस का एरिया रीजन क्षेत्र है लेकिन शहर में भी बिजली कटौती का दंस जारी रहेगा।

# मादक पदार्थ की तस्करी करते महिला-पुरुष गिरफ्तार, 58 किलो डोडा चूरा जब्त

उज्जैन, । देवासगेट पुलिस ने एक महिला व पुरुष को मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चार बैग में भरा 58 किलो डोडा चूरा जब्त किया है। दोनों आरोपित मंदसौर के सुवासरा से सोमवार रात को उज्जैन पहुंचे थे। यहां से दोनों बस के माध्यम से गुजरात के वड़ोदरा जाने वाले थे। मगर इससे पूर्व ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के खिलाफ पूर्व में भी केस दर्ज हैं।एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि देवास गेट पुलिस को सोमवार शाम को सूचना मिली थी कि एक महिला व पुरुष मादक पदार्थ डोडा चूरा की तस्करी कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने महिला व पुरुष को देवासगेट बस स्टैंड के समीप गुजरात के वडोदरा जाने वाली बस का इंतजार करते हुए गिरफ्तार किया है।पुलिस ने दोनों के कब्जे से 58 किलो डोडा चूरा जब्त किया है। आरोपितों ने अपना नाम जसपाल पुत्र भगतराम उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कांचरिया सीतामऊ जिला मंदसौर तथा संगीता पत्नी मुकेश उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम माधोपुर ताल जिला रतलाम बताए हैं।

# अग्रवाल महिला मंडल ने निकाली गणगौर की फुलपाति



उज्जैन। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षीरसागर उद्यान से गणगौर की फुलपाती निकाली।अध्यक्ष तनुजा गोयल ने बताया कि फूलपाती में पूनम गर्ग दूल्हा, ईतिशा बंसल दुल्हन बनी। इस दौरान सोलह श्रृंगार की प्रतियोगिता दो ग्रुप में रखी। जिसमें रूपाली अग्रवाल प्रथम, भारती अग्रवाल द्वितीय, जया अग्रवाल प्रथम, मेहा अग्रवाल द्वितीय रही। क्षीरसागर से प्रारंभ हुआ फूलपाती चल समारोह विभिन्न मार्गों से होता हुआ गोला मंडी धर्मशाला पहुंचा। जहां ठंडाई का आयोजन रखा गया। इस दौरान अध्यक्ष तनुजा गोयल, सचिव मोना अग्रवाल, उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल, मार्गदर्शक सरोज अग्रवाल, संध्या एरन, उषा बजाज, संतोष कसेरा, सुधा गुप्ता, लता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, बिना गर्ग, मधु मित्तल, स्नेहलता अग्रवाल, मीना गर्ग, टीना बंसल सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित थीं।


## आवश्यकता है

- न्यूज एंकर
- सोशयल मीडिया हैंडलर
- कैमरा मैन
- रिपोर्टर

की तत्काल आवश्यकता है ।

सैलरी योग्यतानुसार-

मोबाईल नं .-

94253 12555


मुद्रक, प्रकाशन, **प्रधान संपादक-घनश्याम पटेल** द्वारा 97 ए, निकास रोड़ उज्जैन से प्रकाशित व भगवती ऑफसेट 44,बहादुरगंज उज्जैन से मुद्रित,फोन-0734-4218273, इंदौर कार्यालय सी-4/2 ओल्ड पलासिया पी.डब्ल्यू.डी. बंगला-18,इंदौर। फोन-0731-4239766,Email-shabdsaroverindujjain@gmail.com,आर.एन.आई.नं.56481/92, पो.रजि.नं.- एल-2/65/आरपीएन/390/2023-2025, **स्थानीय संपादक-जोगेश गोविंदानी।(समाचार चयन के लिए पीआरबीएक्ट के तहत जिम्मेदार)।**